आइए मज़ेदार कविता में आए
स्त्रीलिंग शब्दों को पुल्लिंग शब्दों में बदलें।

अभ्यास 8

नीचे दी गई कविता में रेखांकित स्त्रीलिंग शब्दों के पुल्लिंग शब्द लिखिए।

टिन्नी चुहिया बनी लेखिका,
बिल्ली मौसी पर लिखी एक कविता।
बिल्ली रानी न हमें सताओ,
आँखें दिखाकर न हमें डराओ।
नन्हें-मुन्ने चूहे-चुहिया हैं,
हम पास न तुम्हारे आएँगे।
दूध, मलाई, खीर, पनीर
का पता तुम्हें बताएँगे।